24/09/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज भारत के शिपबिल्डिंग और समुद्री इकोसिस्टम को फिर से जीवंत करने के लिए लगभग सत्तर हजार करोड़ रुपये के एक व्यापक पैकेज को मंजूरी दी। नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस पैकेज में चार मुख्य बिंदुओं पर ध्यान दिया गया है, जिसका उद्देश्य घरेलू क्षमता को मजबूत करना, दीर्घकालिक वित्तपोषण में सुधार करना और नए एवं मौजूदा शिपयार्ड के विकास को बढ़ावा देना है।

0000000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने आज 12वीं वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की और भूमि प्रबंधन एवं पंचायती राज विभागों के स्वामित्व और DILRMP प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की। बैठक में बिजली विभाग द्वारा जिलों में स्मार्ट मीटर लगाने, SNA स्पर्श योजना के क्रियान्वयन, बजट की महत्वपूर्ण घोषणाओं की प्रगति और लंबित RR को अंतिम रूप देने तथा APPSC एवं APSSB के रिक्त पदों के लिए मांग पत्र भेजने सहित डीआर के खाली पदों को भरने पर चर्चा की गई।

000000000000000000000000

इदू मिश्मी समुदाय आज अपने पारंपरिक कृषि त्योहार के-मेह-हा उत्सव का आयोजन कर रहे है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप-मुख्यमंत्री चाउना मेन ने राज्य वासियों, विशिषकर इदू मिश्मी समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मंत्रियों ने उम्मीद जताई है कि यह त्योहार समाज में समृद्धि और शांति लेकर आएं।

000000000000000000000000

रुक्सिन में मोपिन-सोलुंग सेलिब्रेशन कमेटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय केंद्रीय सोलुंग महोत्सव आज से शुरू हुआ। इस अवसर पर ईस्ट अरुणाचल लोकसभा सांसद तापीर गाओ ने कई विधायकों, सरकारी अधिकारियों एवं स्थानीय नेताओं की उपस्थिति में पारंपरिक 'ताकु ताबात' अनुष्ठान में भाग लिया।

000000000000000000000000

उप-मुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज जीएसटी जागरूकता अभियान के दौरान नाहरलागुन के व्यापार समुदाय के साथ बातचीत करते हुए कहा कि, जीएसटी सुधारों को लागू करने में व्यापार समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और आम आदमी तक जीएसटी सुधारों के लाभ पहुँचाने के लिए उनका सहयोग और समर्थन आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि, राज्य में जीएसटी संग्रह में काफी वृद्धि हुई है, जो 2017-18 में मात्र 227 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में लगभग 1,900 करोड़ रुपये हो गया है, जो छह साल में 700 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। श्री मेन ने कहा कि इन अतिरिक्त संसाधनों से सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, शिक्षा का विस्तार और कल्याणकारी कार्यक्रमों को फंड उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

0000000000000000000000

उन्नती 2024 के तहत क्लस्टर 2 के लिए निवेश और उद्यमिता कार्यशाला कल तेजू में आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए, उपायुक्त केसांग ङुरुप दामो ने राज्य और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में उद्यमिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया। उन्होंने युवाओं से विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत उपलब्ध कौशल विकास और प्रशिक्षण के अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया। जिला उद्योग केंद्र द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में लोहित, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, आंजाव और नामसाई के 330 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

कई पान्योर जिला प्रशासन ने कल याचुली के मिनी सेक्रेटेरिएट में “स्वच्छता ही सेवा 2025 - स्वच्छ सार्वजनिक स्थान” अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया।

इस अवसर पर, याचुली के मिनी सेक्रेटेरिएट जिले के स्वच्छ सार्वजनिक स्थानों में से एक के रूप में आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त संस्थान है। यह मान्यता स्वच्छता को बढ़ावा देने और स्वस्थ नागरिक परिवेश सुनिश्चित करने के सामूहिक संकल्प को दर्शाती है।

000000000000000000000000

पर्यटन विभाग, लोअर सुबानसिरी जिले ने इन्फओवे आईटी सॉल्यूशंस के सहयोग से कल ज़ीरो में वर्ल्ड टूरिज्म डे 2025 के उपलक्ष्य में होमस्टे ओरिएंटेशन ट्रेनिंग का आयोजन किया। इस ओरिएंटेशन में हॉस्पिटैलिटी को बेहतर बनाने, टिकाऊ पर्यटन गतिविधियों, होमस्टे का डिजिटल प्रचार और पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने पर ज़ोर दिया गया। इसका उद्देश्य समुदाय की भागीदारी से पर्यटन गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

000000000000000000000000

देरा नातुंग गवर्मेंट कोलेज, ईटानगर के एनएसएस यूनिट ने आज एनएसएस दिवस 2025 का आयोजन इंडक्शन, ओरिएंटेशन और करियर काउंसलिंग कार्यक्रम के साथ किया। करियर काउंसलिंग सत्र के दौरान, डीएनजीसी के प्रिंसिपल डॉ. एम.क्यू. खान ने एनएसएस स्वयंसेवकों की मांग में हो रही बढ़ोतरी पर प्रकाश डाला, खासकर एनजीओ, सरकारी और निजी क्षेत्रों में और यूएनओ जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में।

00000000000000000000000

उपायुक्त कार्यालय, युपिया में सप्ताह भर चले सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पापुम परे जिले की जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित ड्राइविंग के तरीकों को बढ़ावा देना और आम लोगों में जागरूकता पैदा करना था।

00000000000000000000000